रजिस्ट्री सं. डी.एल.- 33004/99 REGD. No. D. L.-33004/99

भारत का राजपत्र
The Gazette of India

सी.जी.-डी.एल.-अ.-07112026-277790
CG-DL-E-07112026-277790

असाधारण
EXTRAORDINARY

भाग I—खण्ड 1
PART I—Section 1

प्राधिकार से प्रकाशित
PUBLISHED BY AUTHORITY

सं. 333] नई दिल्ली, मंगलवार, नवम्बर 3, 2026/कार्तिक 12, 1948
No. 333] NEW DELHI, TUESDAY, NOVEMBER 3, 2026/KARTIKA 12, 1948

वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय

(वाणिज्य विभाग)

(विदेश व्यापार महानिदेशालय)

सार्वजनिक सूचना

नई दिल्ली, 3 नवम्बर, 2026

सं.38/2026-27

विषय: गुणवत्ता संबंधी शिकायतों/व्यापार संबंधी विवादों के समाधान हेतु तंत्र के लिएप्रक्रिया पुस्तक (एचबीपी) 2023 के पैरा 8.04 (iii) में संशोधन के संबंध में।

फा. सं. 01/13/एचक्यू/एएम-27/क्यूसीटीडी/ई-47324.— समय-समय पर यथा संशोधित विदेश व्यापार नीति (एफटीपी) 2023,के पैरा 2.04 के साथ पठित पैरा 1.03 के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, महानिदेशक विदेश व्यापार एतदद्वारा प्रक्रिया पुस्तक (एचबीपी) 2023 के अध्याय 8 के पैरा 8.04 (iii) में निम्नानुसार संशोधन करते हैं:

1. मौजूदा पैरा 8.04 (iii)

"भारतीय मिशन शिकायत के समाधान के लिए संबंधित अधिकारियों के साथ इस मुद्दे को उठाएंगे और नियमित रूप से स्थितिकोऑनलाइन अद्यतन करेंगे।"

2. संशोधित पैरा 8.04 (iii)

एचबीपी 2023 के पैरा 8.04(iii)को निम्नलिखित द्वारा प्रतिस्थापित किया जाएगा:

"विदेश मेंस्थित भारतीय मिशन,आवेदकों द्वारा दर्ज शिकायतों के आधार पर या वाणिज्य विभाग के संबंधित विदेश व्यापार (एफटी) प्रभागों द्वारा भेजी गई शिकायतों के आधार पर उचित निवारण के लिए संबंधित अधिकारियों के पास शिकायतें दर्ज करेंगे। विदेश में स्थित भारतीय मिशन और संबंधित एफटी प्रभाग समय-समय पर डीजीएफटी पोर्टल पर प्रत्येक शिकायत पर की गई कार्रवाई और उसकी स्थिति को उसके समाधान या अंतिम निपटान तक अद्यतन करते रहेंगे, जैसा भी मामला हो। इस तरह के सभी अद्यतनशिकायतकर्ता के लिए डीजीएफटी पोर्टल के माध्यम से सुलभ होंगे।"

3. इस सार्वजनिक सूचना का प्रभाव: भारतीय मिशन और संबंधित एफटी प्रभाग निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार मामले के समाधान होने, बंद होने या अन्यथा निपटान तक डीजीएफटी पोर्टल पर शिकायतों/व्यापार संबंधी विवादों की स्थिति को निरंतर आधार पर समय पर अद्यतन करना सुनिश्चित करेंगे।

लव अग्रवाल, महानिदेशक विदेश व्यापार एवं पदेन अपर सचिव

MINISTRY OF COMMERCE AND INDUSTRY

(Department of Commerce)

(DIRECTORATE GENERAL OF FOREIGN TRADE)

PUBLIC NOTICE

New Delhi, the 3rd November, 2026

No. 38/2026-27

Subject: Amendment to Para 8.04(iii) of the Handbook of Procedures (HBP) 2023 – Mechanism for resolving Quality Complaints/Trade Disputes – reg.

FileNo. 01/13/HQ/AM27/QCTD/ E-47324.— In exercise of the powers conferred under Paragraph 1.03 read with Paragraph 2.04 of the Foreign Trade Policy (FTP) 2023, as amended from time to time, the Director General of Foreign Trade hereby amends Para 8.04(iii) of Chapter 8 of the Handbook of Procedures (HBP) 2023, as set out below:

1. Existing Para8.04(iii)

"The Indian Missions would take up the issue with authorities concerned for resolving the complaint and would update status online on regular basis."

2. Amended Para 8.04(iii)

Para 8.04(iii) of the HBP 2023 shall be substituted by the following:

"The Indian Missions Abroad shall take up complaints with the authorities concerned for appropriate redressal, either on the basis of complaints filed by the applicants or complaints referred by the concerned Foreign Trade (FT) Divisions of the Department of Commerce. The Indian Missions Abroad and the concerned FT Divisions shall periodically update the action taken and the status of each complaint on the DGFT portal until its resolution or final disposal, as the case may be. All such updates shall be accessible to the complainant through the DGFT portal."

3. Effect of this Public Notice

The Indian Missions and the concerned FT Division shall follow and ensure timely updation of the status of complaints/trade disputes on the DGFT portal on a continuous basis, until the matteris resolved, closed, or otherwise disposed of, in accordance with the prescribed procedure.

LAV AGARWAL, Director General of Foreign Trade & Ex-Officio Addl. Secy.

Uploaded by Dte. of Printing at Government of India Press, Ring Road, Mayapuri, New Delhi-110064
and Published by the Controller of Publications, Delhi-110054.
BHABAJIT DEKA